University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

डॉ० विनोद कुमार सिंह
कुलसचिव

Dr. Vinod Kumar singh
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या ....

दिनांक..................

सेवा में,

01. सभा के माननीय सदस्यगण
02. कार्य परिषद के माननीय सदस्यगण
03. विद्या परिषद के माननीय सदस्यगण
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः–**दिनांक 21 नवम्बर, 2020 को आयोजित 63वाँ दीक्षान्त समारोह के आमन्त्रण एवं परिधान व पूर्वाभ्यास के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय में आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि लखनऊ विश्वविद्यालय का 63वॉ दीक्षान्त समारोह दिनांक 21 नवम्बर, 2020 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से मालवीय सभागार में होना सुनिश्चित हुआ है। माननीया श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश/कुलाधिपति महोदया लखनऊ विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगी। कुलपति जी, कार्य परिषद के समस्त् सम्मानित सदस्यगण व विद्यापरिषद के समस्त् सम्मानित सदस्यगण एवं सभी संकायों के सम्मानित अधिष्ठातागण शैक्षणिक शोभा यात्रा के सहभागी होगें।

शैक्षिणक शोभायात्रा के सभी सहभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा अंगवस्त्र/परिधान उपलब्ध कराया जायेगा। परिधान वितरण दिनांक 19 नवम्बर, 2020 एवं 20 नवम्बर, 2020 को पूर्वान्ह् 10:00 बजे आर्टस ब्लाक के कमरा न0 5 एवं 6 से किया जायेगा। शैक्षणिक परिधान को दीक्षान्त समारोह के समाप्त होने के पश्चात उक्त कक्षों में ही वापस प्राप्त कराया जाना आवश्यक है।

अतः माननीय सदस्य गण से अनुरोध है कि दिनांक 21 नवम्बर, 2020 को दीक्षान्त समारोह में प्रतिभाग करने हेतु पूर्वान्ह 10:00 बजे पधारने का कष्ट करें। साथ ही यह भी सादर अनुरोध है कि दिनांक 18 नवम्बर, 2020 को अपरान्ह 03:00 बजे विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास में भी सम्मिलित होने का कष्ट करें।

कृपया उक्तानुसार निर्धारित तिथि समय एवं दीक्षान्त समारोह स्थल पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

भवदीय,

(डॉ० विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या–GA/19463-73 दिनांक–11/11/2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1.सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी, सूचनार्थ।
2.वित्त अधिकारी, ल०वि०वि०।
3.परीक्षा नियंत्रक, ल०वि०वि०।
4.कुलानुशासक ल०वि०वि०।
5.कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग, ल०वि०वि०।
6.मुख्य अभिरक्षिक, ल०वि०वि०।
7.निदेशक, आई०पी०पी०आर० ल०वि०वि००
8.समस्त, निदेशक/समन्वयक, ल०वि०वि०।
9.इंचार्ज अभियंत्रिकी संकाय, ल०वि०वि०।
10. समस्त, उप कुलसचिव, ,सहायक कुलसचिव ल0वि.0वि0।
11. इंचार्ज वेबवाइट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबवाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

11.11.2020

उपकुलसचिव